अतिआवश्यक / फैक्स

संख्याः-4221 /XXXVIII/ वर्षा/2013-14

प्रेषक,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद,
उत्तराखण्ड देहरादून,

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तराखण्ड।

देहरादून, दिनाँकः 04 जुलाई, 2013

विषयः— वर्षा मापी यन्त्र के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, मौसम विज्ञान केन्द्र अमौसी, एयरपोर्ट, लखनऊ ने अपने पत्र संख्या L-R- 204/ 947 दिनांक 18 मार्च 2013 के द्वारा अवगत कराया है कि राज्य की तहसीलों में साधारण वर्षामापी यन्त्र मौसम विभाग द्वारा स्थापित नहीं किये जाते हैं। तहसीलों में वर्षामापी यन्त्र, **भवन अनुरक्षण मद— 2053** से राशि उपयोग कर तहसीलदार द्वारा ही स्थापित करवाये जाते हैं। वर्षामापी यन्त्र, उप महानिदेशक (सतही उपकरण), भारत मौसम विज्ञान विभाग, गणेश खिंड रोड, शिवाजी नगर, पूणे (महाराष्ट्र), दूरभाष नम्बरः 020—25893047, 25535411 एवं फैक्स नम्बरः 020—25521529 से मँगवाकर तहसीलों में समतल भूमि पर तारबाड़ के घेरे से सुरक्षित कर स्थापित करवाये जा सकते हैं।

उक्त के सम्बन्ध में सभी जनपदों से निम्न बिन्दुओं पर तत्काल सूचना चाही गयी है।

1. प्रत्येक जनपद में वर्षामापी यन्त्र कहाँ—कहाँ स्थापित हैं?
2. वर्तमान में वर्षामापी यन्त्र किस स्थिति में हैं?
3. नियमित रूप से वर्षा के आकड़े कहाँ—कहाँ प्रेषित किये जाते हैं?

अतः अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ सम्बन्धित अधिकारी/ कर्मचारी को निर्देशित करें कि उक्त बिन्दुओं की सूचना तत्काल इस कार्यालय को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(डी0 एस0 गर्ब्याल)
आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद,उत्तराखण्ड,
देहरादून।

संख्या एवं दिनांक उक्त।
प्रतिलिपि :—

उप महानिदेशक (सतही उपकरण), भारत मौसम विज्ञान विभाग, गणेश खिंड रोड, शिवाजी नगर, पूणे (महाराष्ट्र) को इस आशय से प्रेषित कि प्रति वर्षामापी यन्त्र मय मापन गिलास की लागत से अवगत कराने का कष्ट करें।

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद,उत्तराखण्ड,
देहरादून।